    - **चापेकर बंधु घटना (1897):** दामोदर हरि चापेकर और बालकृष्ण हरि चापेकर ने पूना में प्लेग समिति के अध्यक्ष **डब्लू.सी. रैंड** और उनके सहायक लेफ्टिनेंट आयरस्ट की हत्या कर दी, जिसे **राष्ट्रवाद का पहला मामला** माना जाता है।
    - **मुजफ्फरपुर बम कांड (1908): खुदीराम बोस** और **प्रफुल्ल चाकी** ने मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड को मारने के लिए बम फेंका, लेकिन दो ब्रिटिश महिलाएँ मारी गईं। खुदीराम बोस को फाँसी दी गई।
    - **गदर पार्टी (1913): लाला हरदयाल, रामचंद्र** और **बरकतुल्ला** ने सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका) में इसकी स्थापना की।
- **मॉर्ले–मिंटो सुधार (1909 ई.) :** इसे **भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909** भी कहते हैं। इसका उद्देश्य उदारवादियों को संतुष्ट करना और उग्रवादियों को अलग–थलग करना था।
  - इन सुधारों में **मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन प्रणाली** की शुरुआत की गई, जिसने सांप्रदायिक राजनीति को और गहरा किया।
  - **प्रमुख तथ्य: लॉर्ड मॉर्ले** (राज्य सचिव) ने इस प्रावधान के बारे में कहा था कि 'पृथक निर्वाचन क्षेत्र देकर, हम ड्रैगन के दाँत बो रहे हैं और इसकी फसल कड़वी होगी।'
  - **सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा :** वायसराय की कार्यकारी परिषद में शामिल होने वाले **पहले भारतीय बने**।
- **गांधी जी का भारत आगमन और होमरूल लीग**
  - **महात्मा गांधी:** व्यक्तिगत जीवन और सिद्धांत
    - **जन्म:** 2 अक्टूबर, 1869, पोरबंदर (गुजरात)।
    - **वास्तविक नाम:** मोहनदास करमचंद गांधी।
    - **पत्नी:** कस्तूरबा गांधी।
    - **पुत्र:** हरिलाल, रामदास, मणिलाल और देवदास। **जमनालाल बजाज** उनके दत्तक (पाँचवें) पुत्र थे।
    - **आध्यात्मिक गुरु:** श्रीमद राजचंद्रजी।
    - **विचारधारा पर प्रभाव:** लियो टॉलस्टॉय और जॉन रस्किन (पुस्तक: 'अनटू दिस लास्ट')।
    - **सिद्धांत:** सत्य और अहिंसा (जैन मत की अहिंसा अवधारणा से प्रभावित)।
    - **पसंदीदा भजन:** नरसिंह मेहता द्वारा रचित 'वैष्णव जन को तैनु कहिए'।
    - **विदेशी अनुयायी:** मेडेलीन स्लेड (मीरा बहन)।
- **दक्षिण अफ्रीका में कार्य (1893–1915)**
  - **आगमन:** 24 मई, 1893 को **एस.एस. सफारी** जहाज से दादा अब्दुल्ला के मुकदमे की पैरवी के लिए पहुँचे।
  - **रंगभेद की घटना: 7 जून, 1893** को **पीटरमैरिट्जबर्ग स्टेशन** पर ट्रेन से धक्का देकर उतार दिया गया।
  - **संगठन:** नस्लीय हेडभव की समाप्ति के लिए **नेटाल इंडियन कांग्रेस** की स्थापना (1894)।
  - **समाचार पत्र: 'इंडियन ओपिनियन'** प्रकाशित (1903)।
  - **आश्रम/फार्म : फीनिक्स आश्रम** (1904) और **टॉलस्टॉय फार्म** (1910, जोहान्सबर्ग में जर्मन वास्तुकार कालेनबाख की मदद से)।
- **भारत में वापसी और योगदान**
  - **वापसी: 9 जनवरी, 1915 (46 वर्ष की आयु)** को **आरएमएस अरेबिया** नामक जहाज से भारत आए। जिसके उपलक्ष्य में 9 जनवरी को भारत में प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है।
  - **राजनीतिक गुरु:** गोपाल कृष्ण गोखले। जिनके कहने पर उन्होंने एक वर्ष तक सम्पूर्ण भारत में भ्रमण यात्रा की थी।
  - **आश्रम: साबरमती आश्रम** की स्थापना (1915, अहमदाबाद के निकट)।
  - **उपाधि:** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान लोगों को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने पर **'रिक्रूटिंग सार्जेंट'** कहे गए और ब्रिटिश सरकार ने **'कैसर–ए–हिन्द'** की उपाधि दी।
- **प्रारंभिक आंदोलन (भारत में):**
  - चंपारण सत्याग्रह (1917 ई.)
  - अहमदाबाद मिल हड़ताल आन्दोलन (1918 ई.)
  - खेड़ा सत्याग्रह (1918 ई.)
- **साहित्य और शिक्षा**
  - **आत्मकथा: 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग'**।
  - **प्रमुख पुस्तकें: 'हिन्द स्वराज'** (1910) – इसमें मिशनरियों की आलोचना की गई थी।
  - **प्रमुख पत्र/पत्रिकाएँ: 'नवजीवन' (गुजराती), 'यंग इंडिया'** (अंग्रेजी) और **'हरिजन'** (1933 में प्रारंभ)।
  - **शिक्षा योजना: वर्धा शिक्षा योजना (1937)** – बुनियादी शिक्षा पर बल दिया।

- **अंतिम समय**
  - **हत्या:** 30 जनवरी, 1948 को दिल्ली के बिड़ला भवन में **नाथूराम गोडसे** द्वारा।
  - **हत्याकांड में सजा:** नाथूराम गोडसे और नारायण आप्टे को मौत की सजा सुनाई गई। गोडसे ने फांसी पर चढ़ने से पहले भारत के पुनः एकीकरण होने तक अपनी राख को सुरक्षित रखने और एकीकरण होने के बाद सिन्धु नदी में प्रवाहित करने की इच्छा व्यक्त की थी।
  - **स्मरण:** 2 अक्टूबर, 2005 को दक्षिण अफ्रीका के **पीटरमैरिट्जबर्ग रेलवे स्टेशन** पर गांधीजी की प्रतिमा स्थापित की गई थी।
- **होमरूल आंदोलन (1916 ई.):** यह आंदोलन आयरिश होमरूल आंदोलन की तर्ज पर शुरू किया गया था।
  - **इसकी स्थापना दो अलग–अलग लीगों के माध्यम से हुई:** बाल **गंगाधर तिलक द्वारा** अप्रैल 1916 में **पूना में** और **एनी बेसेंट** द्वारा सितंबर 1916 में। इसका उद्देश्य भारत के लिए ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर स्वशासन (होमरूल) प्राप्त करना था।
  - **प्रमुख तथ्य:** तिलक की लीग का कार्यक्षेत्र महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि था, जबकि **एनी बेसेंट** की लीग का मुख्यालय **आड्यार (मद्रास)** में था और इसका कार्यक्षेत्र शेष भारत था। एनी बेसेंट ने **'न्यू इंडिया'** और **'कॉमनवील'** का संपादन किया था।
  - तिलक पूना फरगयुसन कॉलेज के संस्थापकों में भी शामिल थे।
  - वेलेंटाइन शिरोल ने बाल गंगाधर तिलक को भारतीय अशांति का जनक कहा था।
  - 1920 में महात्मा गांधी ने 'होमरूल लीग' को 'स्वराज सभा' नाम दिया था।
- **स्वतंत्रता आंदोलन (1916–1924)**
  - **लखनऊ समझौता:** दिसंबर 1916 में बालगंगाधर तिलक के प्रयास से **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस** और **मुस्लिम लीग** के बीच समझौता हुआ, जिसमें दोनों पक्ष प्रांतीय सभाओं में धार्मिक अल्पसंख्यकों को प्रतिनिधित्व देने पर सहमत हुए।
  - **महत्व:**
    - **सरोजिनी नायडू** ने इस समझौते के बाद **मुहम्मद अली जिन्ना** को **'हिन्दू–मुस्लिम एकता का राजदूत'** कहा।
    - **लखनऊ अधिवेशन** में **गांधी जी** पहली बार सार्वजनिक मंच पर पहुँचे थे।
  - **चंपारण सत्याग्रह (पहला सत्याग्रह):**1917 ई.।
    - **कारण:** बिहार के चंपारण में **'तिनकठिया प्रणाली'** (किसानों को अपनी भूमि के 3/20वें हिस्से पर नील की खेती करने की मजबूरी) का विरोध।
    - **नेतृत्व: राजकुमार शुक्ल** के अनुरोध पर गांधीजी चंपारण पहुँचे।
    - **परिणाम: चंपारण कृषि विधेयक 1918** में हुआ और किसानों को राहत मिली।
    - **तथ्य:** दीनबंधु मित्रा ने नील किसानों की दुर्दशा पर **'नील दर्पण'** नामक नाटक लिखा। गांधी जी ने सत्याग्रह शैली का प्रयोग सबसे पहले **दक्षिण अफ्रीका** में किया था।
  - **अगस्त घोषणा (मोंटेग्यू घोषणा): 20 अगस्त, 1917 को मोंटेग्यू** ने प्रस्तुत की। इसका उद्देश्य भारत में प्रशासन और स्वशासी संस्थानों के विकास में भारतीयों की भागीदारी बढ़ाना था।
- **खेड़ा सत्याग्रह:** 1918 ई.।
  - **कारण:** गुजरात के खेड़ा जिले में सूखे के कारण फसलें नष्ट होने पर भी सरकार द्वारा भू–राजस्व में छूट देने से इनकार।
  - **नेतृत्व:** गांधीजी के मार्गदर्शन में **सरदार वल्लभभाई पटेल** और **इन्दुलाल याज्ञनिक** ने किया।
- **अहमदाबाद मिल हड़ताल:**1918 ई.।
  - **कारण:** मिल मालिकों द्वारा प्लेग बोनस वापस लेने के प्रयास के विरुद्ध श्रमिकों की 35% वेतन वृद्धि की माँग।
  - **नेतृत्व:** गांधीजी ने पहली बार **सत्याग्रह और भूख हड़ताल** का इस्तेमाल किया, जो सफल रहा।
  - **तथ्य: अनसूया बेन साराभाई** ने गांधीजी को हस्तक्षेप के लिए आमंत्रित किया था।
- **रौलट अधिनियम (1919) :**
  - **गठन:** सर सिडनी रौलट की अध्यक्षता वाली राजद्रोह समिति की सिफारिशों पर पारित।
  - **प्रावधान:** सरकार को बिना मुकदमे के दो साल तक राजनीतिक कैदियों को हिरासत में रखने की शक्ति मिली।
  - **विरोध:** गांधीजी ने इसे **'काला अधिनियम'** कहा। **मुहम्मद अली जिन्ना**, मदनमोहन मालवीय और मजहर उल हक ने शाही विधान परिषद से इस्तीफा दिया।
- **जलियांवाला बाग नरसंहार (13 अप्रैल, 1919):**
  - **कारण:** रौलट एक्ट के विरोध में गिरफ्तार **सैफुद्दीन किचलू** और **डॉ. सत्यपाल** की रिहाई के लिए अमृतसर में शांतिपूर्ण सभा।
  - **घटना: जनरल डायर** के आदेश पर निहत्थी भीड़ पर गोलीबारी, जिसमें 1000 से अधिक लोगों की मौत हुई।
  - जनरल डायर ने 'क्रालिंग आर्डर' जारी किया था जिसके तहत भारतीयों को गली से रेंगकर गुजरना पड़ता था।
  - **जाँच:** सरकार द्वारा **हंटर आयोग** का गठन, जिसने डायर के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस ने अपनी गैर–सरकारी समिति नियुक्त की (मोतीलाल नेहरू, गांधी आदि शामिल)।
  - **विरोध/तथ्य:**
    - **रवीन्द्रनाथ टैगोर** ने **नाइटहुड** की उपाधि त्यागी।
    - **महात्मा गांधी** ने बोअर युद्ध के दौरान मिली **कैसर–ए–हिंद** की उपाधि त्यागी।
    - जनरल डायर की हत्या लंदन में **ऊधम सिंह** ने की थी।
- **खिलाफत आंदोलन (1919–24):**
  - **कारण:** प्रथम विश्व युद्ध के बाद तुर्की के **खलीफा** (तुर्की के सुल्तान, जिन्हें मुसलमान आध्यात्मिक नेता मानते थे) को हटाए जाने के विरोध में।
  - **नेतृत्व: अली बंधुओं (शौकत अली और मोहम्मद अली)**, मौलाना अबुल कलाम आजाद आदि ने **अखिल भारतीय खिलाफत समिति** का गठन किया।

- **तथ्य: 23 नवंबर, 1919** को **महात्मा गांधी** को अखिल भारतीय खिलाफत समिति का अध्यक्ष चुना गया।

- **भारत सरकार अधिनियम, 1919 (मोंटेग्यू–चेम्सफोर्ड सुधार):**
  - **प्रावधान:** ब्रिटिश प्रांतों में **द्वैध शासन प्रणाली (Dyarchy)** की शुरुआत की गई।
  - **विषय विभाजन:** प्रांतीय विषयों को **हस्तांतरित** (उत्तरदायी मंत्रियों की सहायता से राज्यपाल द्वारा प्रशासित) और **आरक्षित** (गवर्नर और उसकी कार्यकारी परिषद् द्वारा प्रशासित) विषयों में विभाजित किया गया।
  - **तथ्य:** इस अधिनियम में 10 वर्षों के बाद कामकाज की समीक्षा के लिए एक समिति का प्रावधान किया गया।
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**
  - आंध्र प्रदेश में स्वदेशी आंदोलन को **वंदेमातरम आंदोलन** कहा जाता था।
  - **मैडम भीकाजी कामा** विदेशी भूमि पर झंडा फहराने वाली प्रथम भारतीय थीं। उन्हें **भारतीय क्रांति की जननी** कहा जाता है।
  - भारत में व्यापारिक वाणिज्यिक कांग्रेस की स्थापना **1920** में हुई थी।

स्वतंत्रता आंदोलन का द्वितीय चरण (1920–1929)

- **असहयोग आंदोलन (1920–22):**
  - **शुरुआत:** 5 सितंबर, 1920 को महात्मा गांधी के नेतृत्व में। कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन (सितंबर 1920) में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।
  - **कार्यक्रम:** उपाधियाँ त्यागना, सरकारी नौकरियों, स्कूलों, कॉलेजों और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना।
  - **निधि:** आंदोलन के लिए **तिलक स्वराज कोष** की स्थापना (1921)।
  - **पहला प्रमुख नेता गिरफ्तार: मुहम्मद अली। जमनालाल बजाज** ने 'राय बहादुर' की उपाधि लौटाई।
  - **समाप्ति का कारण: चौरी चौरा घटना** (1922, उत्तर प्रदेश) के कारण, जहाँ हिंसक भीड़ ने एक पुलिस स्टेशन में आग लगा दी और **22 पुलिसकर्मी** मारे गए।
  - **स्थगन:** गांधीजी ने फरवरी 1922 में कांग्रेस की बारदोली कार्य समिति की बैठक के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया।
- **स्वराज पार्टी (1923):**
  - **स्थापना:** 1 जनवरी, 1923 को असहयोग आंदोलन वापस लेने के गांधीजी के निर्णय के विरोध में।
  - **संस्थापक: मोतीलाल नेहरू** और **सी.आर. दास**।
  - **उद्देश्य:** चुनावों में भाग लेकर विधानमंडलों में प्रवेश करना।
  - **सफलता:** नवंबर 1923 के चुनावों में केन्द्रीय विधानमंडल की 101 में से 42 सीटों पर कब्जा। **विठ्ठल भाई पटेल** ब्रिटिश मंत्रिमंडल में चुने गए (1925)।
  - **समाप्ति:** 1925 में **सी.आर. दास** की मृत्यु के बाद कलह शुरू हुई और पार्टी टूट गई।
- **हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA, 1924):**
  - **गठन:** कानपुर में **राम प्रसाद बिस्मिल**, जोगेन्द्र चटर्जी, शचीन्द्र शान्याल और **अशफाक उल्ला खाँ** ने किया।
  - **घटना: काकोरी (लखनऊ)** में 1925 में अंग्रेजी खजाने को ले जा रही ट्रेन को लूटा।
  - **परिणाम:** राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ, रोशन सिंह और राजेन्द्र लहरी को फाँसी दी गई। **चन्द्रशेखर आजाद** चकमा देने में सफल रहे।
- **साइमन कमीशन (1927):**
  - **गठन: सर जॉन साइमन** की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय आयोग, जो **भारत सरकार अधिनियम 1919** की समीक्षा के लिए नियुक्त किया गया।
  - **विरोध का कारण:** आयोग में **एक भी भारतीय सदस्य** शामिल नहीं था।
  - **विरोध:** 'साइमन गो बैक' के नारे लगाए गए।
  - लाहौर में प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे **लाला लाजपत राय** पर लाठीचार्ज हुआ और उसी वर्ष (17 नवंबर, 1928) उनकी मृत्यु हो गई।
  - **तथ्य:** तत्कालीन वायसराय **लॉर्ड इरविन** थे।
- **बारदोली सत्याग्रह (1928):**
  - **कारण:** गुजरात के बारदोली में बाढ़ और अकाल के बावजूद बॉम्बे प्रेसीडेंसी द्वारा कर दरों में **22% की वृद्धि**।
  - **नेतृत्व: सरदार वल्लभभाई पटेल** ने किया।
  - **परिणाम: मैक्सवेल ब्रूमफील्ड आयोग** ने राजस्व को घटाकर 6.03% किया।
  - **उपाधि:** बारदोली की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को **'सरदार'** की उपाधि दी थी।
- **नेहरू रिपोर्ट (1928):**
  - **गठन का कारण:** साइमन कमीशन की विफलता के बाद लॉर्ड बिरकेनहेड की भारतीयों को संविधान बनाने की चुनौती के जवाब में।
  - **अध्यक्ष: मोतीलाल नेहरू** (जवाहरलाल नेहरू सचिव थे)।
- **सिफारिशें (विल ऑफ राइट्स):**
  - भारत के लिए **डोमिनियन स्थिति**।
  - **19 मौलिक अधिकारों** की माँग (21 वर्ष से अधिक आयु के लिए मतदान सहित)।
  - **पृथक निर्वाचन क्षेत्र** का अंत।
  - **भाषाई आधार पर** प्रांतों का निर्माण।
- **हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी (HSRA, 1928):**
  - **पुनर्गठन: चन्द्रशेखर आजाद** और **शचीन्द्र सान्याल** ने HRA को फिर से संगठित किया।
  - **नाम परिवर्तन: भगत सिंह** के आग्रह पर दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में नाम बदलकर HSRA किया गया।
  - **घटना:** लाला लाजपत राय पर लाठीचार्ज करने वाले **सांडर्स** की हत्या (भगतसिंह, शिवराम राजगुरु, सुखदेव और चन्द्रशेखर आजाद)।
  - **केन्द्रीय विधानसभा बम कांड (8 अप्रैल 1929): भगत सिंह** और **बटुकेश्वर दत्त** ने 'पब्लिक सेफ्टी बिल' पर चर्चा के दौरान **'इंकलाब जिंदाबाद'** का नारा देते हुए बम फेंका।
  - **परिणाम:** लाहौर षड्यंत्र केस में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को **23 मार्च, 1931** को फाँसी दी गई।

- **लेखन: शचीन्द्र सान्याल** ने **'बन्दी जीवन'** और **भगवती चरण बोहरा** ने **'फिलॉसफी ऑफ बम'** की रचना की।

- **जिन्ना के 14 सूत्र (09 मार्च, 1929):** जिन्ना ने नेहरू रिपोर्ट को स्वीकार न करते हुए, मुसलमानों के हितों की रक्षा के लिए 14 सूत्र प्रस्तुत किए, जिसमें **पृथक निर्वाचक मंडल** और केन्द्रीय विधानमंडल में **एक तिहाई मुस्लिम प्रतिनिधित्व** की माँग प्रमुख थी।

स्वतंत्रता आंदोलन का तृतीय चरण (1929–1939)

- **लाहौर अधिवेशन (1929):**
  - **अध्यक्षता: जवाहरलाल नेहरू**।
  - **उद्देश्य:** कांग्रेस ने **'पूर्ण स्वराज'** (**पूर्ण स्वतंत्रता**) को आंदोलन का मुख्य उद्देश्य घोषित किया।
  - **स्वतंत्रता दिवस: 26 जनवरी, 1930** को प्रथम स्वतंत्रता (स्वराज्य) दिवस के रूप में निर्धारित किया गया।
  - **झंडा फहराना:** नए साल की पूर्व संध्या पर **रावी नदी के तट पर** तिरंगा झंडा फहराया गया।
- **सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930):**
  - **शुरुआत:** गांधीजी ने **11 सूत्रीय चेतावनी** के बाद, **12 मार्च, 1930** को **दांडी मार्च** से शुरू किया।
  - **दांडी मार्च:** गांधी और उनके **78 समर्थक** 12 मार्च को अहमदाबाद से चले और **6 अप्रैल, 1930** को दांडी तट पर **नमक बनाकर** कानून तोड़ा।
  - **गिरफ्तारी के बाद नेतृत्व:** गांधी जी की गिरफ्तारी के बाद **सरोजिनी नायडू** और इमाम साहब ने धरसना में नमक कारखाने पर धरना दिया।
  - **अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व:**
    - **तमिलनाडु: सी. राजगोपालाचारी** (वेदाराण्यम)।
    - **मालाबार: के. केलप्पन**।
    - **उत्तर पश्चिमी सीमांत प्रांत (पेशावर): खान अब्दुल गफ्फार खान** (सीमांत गांधी) ने **लालकुर्ती आंदोलन** चलाया।
    - **मणिपुर और नागालैंड: रानी गोडेनलियू** ने नेतृत्व किया।
  - **अन्य तथ्य:** लड़कों की 'वानर सेना' और लड़कियों की **'मंजरी सेना'** का गठन हुआ।
- **प्रथम गोलमेज सम्मेलन (1930):**
  - **आयोजन:** लंदन में **रैमजे मैकडोनाल्ड** (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री) की अध्यक्षता में।
  - **प्रतिभाग:** डॉ. बी. आर. अम्बेडकर और मुस्लिम लीग ने भाग लिया।
  - **कांग्रेस:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इसमें **भाग नहीं लिया**। सम्मेलन विफल रहा।
- **गांधी–इरविन समझौता (5 मार्च, 1931):**
  - **प्रावधान:**
    - कांग्रेस **द्वितीय गोलमेज सम्मेलन** में भाग लेने को सहमत हुई।
    - कांग्रेस **सविनय अवज्ञा आंदोलन** को समाप्त करने पर सहमत हुई।
    - सरकार हिंसक अपराधों को छोड़कर सभी मुकदमों को वापस लेने और आंदोलन में गिरफ्तार लोगों को रिहा करने पर सहमत हुई।
    - सरकार **नमक कर हटाने** पर सहमत हुई।
  - **तथ्य:** सरोजिनी नायडू ने गांधी और इरविन के लिए **'दो महात्मा'** शब्द का प्रयोग किया।
- **इंडियन रिपब्लिक आर्मी (IRA, 1931):**
  - **संस्थापक: सूर्य सेन** ('मास्टर दा')।
  - **घटना: चटगाँव शस्त्रागार लूट कांड** (18 अप्रैल, 1931)। इसमें प्रीतिलता वाडेकर, कल्पना दत्त, सुनीति चौधरी, बीना दास जैसी महिला क्रांतिकारियों ने भाग लिया। सूर्य सेन को 12 जनवरी, 1934 को फाँसी दी गई।
- **द्वितीय गोलमेज सम्मेलन (1931):**
  - **कांग्रेस प्रतिनिधि: महात्मा गांधी**।
  - **प्रतिभाग:** मदन मोहन मालवीय, सरोजिनी नायडू (व्यक्तिगत रूप से), डॉ. बी. आर. अम्बेडकर और तेज बहादुर सप्रू।
  - **विवाद:** दलितों के लिए पृथक निर्वाचन के मुद्दे पर गांधी और अम्बेडकर के बीच मतभेद। सम्मेलन असफल रहा।
  - **तथ्य:** सम्मेलन की असफलता के बाद गांधीजी ने **अखिल भारतीय दलित वर्ग संघ** की स्थापना की और **'हरिजन'** नामक साप्ताहिक पत्र निकाला।
- **सांप्रदायिक पंचाट (1932):**
  - **घोषणा:** 16 अगस्त, 1932 को **रैमजे मैकडोनाल्ड** द्वारा।
  - **प्रावधान:** दलित वर्गों, सिखों, महिलाओं आदि के लिए **पृथक निर्वाचन क्षेत्र** प्रदान किए गए।
  - **गांधीजी की प्रतिक्रिया:** उन्होंने इसे भारतीय समाज को विभाजित करने का उपकरण मानते हुए यरवदा जेल में **भूख हड़ताल** की।
- **पूना पैक्ट (24 सितंबर, 1932):**
  - **समझौता:** गांधीजी (उनके स्थान पर **मदन मोहन मालवीय** ने हस्ताक्षर किए) और **डॉ. बी. आर. अम्बेडकर** के बीच।
  - **प्रावधान:** दलित वर्गों के लिए **संयुक्त निर्वाचन क्षेत्र** के सिद्धांत को स्वीकार किया गया। प्रांतीय विधानमंडलों में दलित वर्गों के लिए **71** के स्थान पर **148 सीटें** आरक्षित की गईं।
- **तीसरा गोलमेज सम्मेलन (1932):**
  - **कांग्रेस:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने **भाग नहीं लिया**।
  - **तथ्य: डॉ. बी. आर. अम्बेडकर** और **तेज बहादुर सप्रू** वे दो व्यक्ति थे जिन्होंने **तीनों गोलमेज सम्मेलनों** में भाग लिया।
- **भारत सरकार अधिनियम, 1935 :**
  - **प्रमुख प्रावधान:**
    - एक **अखिल भारतीय संघ** की स्थापना का प्रावधान (रियासतों के शामिल न होने के कारण लागू नहीं हो पाया)।
    - प्रांतों में **द्वैध शासन समाप्त** कर **'प्रांतीय स्वायत्तता'** की शुरुआत।
    - केंद्र में द्वैध शासन को अपनाने का प्रावधान (लागू नहीं हुआ)।
    - छह प्रांतों (बंगाल, बॉम्बे, मद्रास, बिहार, असम और संयुक्त प्रांत) में **द्विसदनीय व्यवस्था** लागू।
    - **बर्मा को भारत से अलग** किया गया।

- संघीय न्यायालय और **भारतीय रिजर्व बैंक** की स्थापना का प्रावधान।

- **कांग्रेस मंत्रिमंडल का इस्तीफा (1939):**
  - **चुनाव:** 1936–37 में प्रांतीय चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस ने आठ प्रांतों में सरकार बनाई।
  - **इस्तीफा का कारण:** 3 सितंबर, 1939 को वायसराय **लिनलिथगो** द्वारा कांग्रेस से बिना पूछे भारत को **द्वितीय विश्व युद्ध** में शामिल करने की घोषणा करना।
  - **तथ्य:** इस्तीफा देने की घोषणा के बाद 22 अक्टूबर, 1939 को सभी कांग्रेस मंत्रिमंडलों ने अपना इस्तीफा दे दिया।
    - भारत छोड़ो आंदोलन के प्रस्ताव पारित होने के समय भारत का वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो था।

भारत के महान शहीद

क्र.	शहीद का नाम	संक्षिप्त घटना	सजा / बलिदान
1.	**खुदीराम बोस**	1908 – सेशन जज किंग्सफोर्ड की गाड़ी पर बम → बेगुली स्टेशन पर गिरफ्तारी	11 अगस्त 1908 – फाँसी
2.	**राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी**	दक्षिणेश्वरी बम कांड व काकोरी कांड	17 दिसंबर 1927 – गोंडा जेल में फाँसी
3.	**रामप्रसाद बिस्मिल**	मैनपुरी षड्यंत्र, काकोरी कांड के योजनाकार	19 दिसंबर 1927 – गोरखपुर जेल में फाँसी
4.	**अशफाक उल्ला खाँ**	काकोरी कांड, 19 अगस्त 1925 को बंदी	19 दिसंबर 1927 – फैजाबाद जेल में फाँसी
5.	**ऊधम सिंह**	13 मार्च 1940 – माइकल ओ'डायर की हत्या	31 जुलाई 1940 – पेंटनविले जेल (लंदन) में फाँसी
6.	**भगत सिंह**	सांडर्स हत्या, 1929 में असेम्बली बम	23 मार्च 1931 – फाँसी
7.	**चापेकर बंधु**	22 जून 1897 – रैंड व आयर्स्ट की हत्या	10-11 मई 1899 – फाँसी
8.	**सुखदेव**	सांडर्स हत्या	23 मार्च 1931 – फाँसी
9.	**राजगुरु**	सांडर्स हत्या में शामिल	23 मार्च 1931 – फाँसी
10.	**बटुकेश्वर दत्त**	भगत सिंह के साथ असेम्बली में बम	आजीवन कारावास
11.	**चन्द्रशेखर आजाद**	काकोरी कांड से जुड़े, गिरफ्तारी पर इनाम	27 फरवरी 1931 – अल्फ्रेड पार्क में शहीद
12.	**मास्टर अमीरचन्द्र**	लॉर्ड हार्डिंग पर बम (1914)	8 मई 1915 – फाँसी
13.	**अवध बिहारी बोस**	दिल्ली षड्यंत्र केस	8 मई 1915 – फाँसी
14.	**मदनलाल धींगरा**	1 जुलाई 1909 – कर्जन वायली की हत्या	16 अगस्त 1909 – फाँसी
15.	**वासुदेव बलवंत फड़के**	सशस्त्र क्रांति; 1879 गिरफ्तार	17 फरवरी 1883 – कालापानी में मृत्यु (अनशन)
16.	**करतार सिंह सराबा**	गदर पार्टी, लाहौर षड्यंत्र	16 नवम्बर 1915 – फाँसी
17.	**अनन्त कान्हरे**	नासिक जैक्सन हत्या	19 अप्रैल 1910 – फाँसी
18.	**विष्णु गणेश पिंगले**	गदर आंदोलन से जुड़े	17 नवम्बर 1915 – फाँसी
19.	**सूर्यसेन (मास्टर दा)**	18 अप्रैल 1930 – चटगाँव शस्त्रागार लूट	12 जनवरी 1934 – फाँसी
20.	**हरकिशन**	1930 – पंजाब गवर्नर पर गोली	9 जून 1931 – फाँसी
21.	**शांति घोष व सुनीति चौधरी**	1931 – त्रिपुरा के कलेक्टर की हत्या	आजीवन काला पानी
22.	**वीणा दास**	1932 – बंगाल के गवर्नर की हत्या का प्रयास	9 वर्ष का कठोर कारावास
23.	**बजिलुक्कु चक्रवर्ती**	1933 – मिदनापुर के कलेक्टर पर गोली	26 अक्टूबर 1934 – फाँसी
24.	**बसित्तोर चटर्जी**	1933 – हरियाबाग डकैती	2 जुलाई 1934 – फाँसी
25.	**जगन्नाथ शिंदे**	शोलापुर थाने पर हमला	12 जनवरी 1931 – फाँसी
26.	**लाला लाजपत राय**	साइमन कमीशन विरोध में लाठी प्रहार	17 नवम्बर 1928 – चोटों से मृत्यु
27.	**खुसाल कौरा**	9 अक्टूबर 1942 – रेल पटरी से उतारने का आरोप	16 जून 1943 – फाँसी
28.	**सुभाष चंद्र बोस**	आजाद हिंद सरकार (1943), INA	18 अगस्त 1945 – विमान दुर्घटना (विवादित)

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन–प्रमुख घटनाएँ

क्र.	घटना / आंदोलन	वर्ष	मुख्य बिंदु / व्यक्ति
1.	**कांग्रेस की स्थापना**	1885	ए.ओ. ह्यूम
2.	**बंग–भंग / स्वदेशी आंदोलन**	1905	विभाजन विरोध
3.	**मुस्लिम लीग**	1906	ढाका–नवाब सलीमुल्ला
4.	**कांग्रेस विभाजन**	1907	सुरत फूट
5.	**होमरूल आंदोलन**	1916	तिलक व एनी बेसेंट
6.	**लखनऊ पैक्ट**	1916	कांग्रेस–मुस्लिम लीग समझौता
7.	**मॉन्टेग्यू घोषणा**	20 अगस्त 1917	स्वशासन का वादा
8.	**रौलेट एक्ट**	1919	बिना मुकदमे गिरफ्तारी
9.	**जलियांवाला बाग**	13 अप्रैल 1919	जनरल डायर
10.	**खिलाफत आंदोलन**	1919	अली बंधु
11.	**हंटर रिपोर्ट**	1920	जलियांवाला से संबंधित
12.	**नागपुर अधिवेशन**	1920	असहयोग प्रस्ताव
13.	**असहयोग आंदोलन**	1 अगस्त 1920	गांधीजी
14.	**चौरी–चौरा**	5 फरवरी 1922	आंदोलन वापस
15.	**स्वराज पार्टी**	1923	C.R. दास, मोतीलाल नेहरू
16.	**HRA**	1924	सान्याल, बिस्मिल
17.	**साइमन कमीशन**	1927-28	"साइमन गो बैक"
18.	**नेहरू रिपोर्ट**	1928	मोतीलाल नेहरू
19.	**बारदोली सत्याग्रह**	1928	सरदार पटेल
20.	**असेम्बली बम**	1929	भगत सिंह–दत्त
21.	**लाहौर अधिवेशन**	1929	पूर्ण स्वराज
22.	**स्वाधीनता दिवस**	26 जनवरी 1930	पहली बार
23.	**नमक सत्याग्रह**	1930	दांडी मार्च
24.	**सविनय अवज्ञा आंदोलन**	1930	राष्ट्रीय स्तर
25.	**गोलमेज सम्मेलन (I)**	1930	लंदन
26.	**गांधी–इरविन समझौता**	5 मार्च 1931	आंदोलन स्थगित
27.	**गोलमेज सम्मेलन (II)**	1931	गांधीजी शिरकत
28.	**कम्युनल अवार्ड**	1932	पृथक निर्वाचन
29.	**पूना पैक्ट**	1932	गांधी–अंबेडकर
30.	**CSP गठन**	1934	JP, लोहिया
31.	**फॉरवर्ड ब्लॉक**	1939	नेताजी
32.	**पाकिस्तान मांग**	1940	मुस्लिम लीग
33.	**अगस्त प्रस्ताव**	1940	वायसराय
34.	**क्रिप्स मिशन**	1942	असफल
35.	**भारत छोड़ो आंदोलन**	8 अगस्त 1942	गांधीजी
36.	**नौसेना विद्रोह**	1946	HMIS तलवार
37.	**कैबिनेट मिशन**	1946	भारत विभाजन के सिद्धांत
38.	**प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस**	1946	लीग द्वारा

क्र.	घटना / आंदोलन	वर्ष	मुख्य बिंदु / व्यक्ति
39.	**अंतरिम सरकार**	1946	नेहरू
40.	**माउंटबेटन योजना**	3 जून 1947	विभाजन
41.	**स्वतंत्रता**	15 अगस्त 1947	भारत स्वतंत्र
42.	**गणतंत्र**	26 जनवरी 1950	राष्ट्रपतिः डॉ. राजेंद्र प्रसाद
43.	**भूदान आंदोलन**	1951	विनोबा भावे

स्वतंत्रता आंदोलन का अंतिम चरण (1939–1947)

- **त्रिपुरी संकट (1939):**
  - **कारण:** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में **सुभाष चंद्र बोस** ने गांधी जी के उम्मीदवार **पट्टाभि सीतारमैया** को हराया।
  - **परिणाम:** गांधीजी ने इसे व्यक्तिगत हार माना। बोस ने मार्च 1939 में इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद **डॉ. राजेंद्र प्रसाद** को अध्यक्ष चुना गया।
- **मुस्लिम लीग का लाहौर संकल्प (1940):**
  - **घोषणा:** अखिल भारतीय मुस्लिम लीग ने 22–24 मार्च, 1940 तक लाहौर में मुसलमानों के लिए **एक स्वतंत्र राज्य** की माँग की।
  - **तथ्य:** इस प्रस्ताव में कहीं भी **'पाकिस्तान'** शब्द शामिल नहीं था।
- **अगस्त प्रस्ताव (1940):**
  - **प्रस्तुतकर्ता:** वायसराय **लॉर्ड लिनलिथगो**।
  - **मुख्य प्रस्ताव:** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारत को **डोमिनियन स्टेटस** और भारतीयों की भागीदारी से **वायसराय की कार्यकारी परिषद् का विस्तार** तथा एक प्रतिनिधि **घटक निकाय** का वादा।
  - **प्रतिक्रिया:** कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने अस्वीकार कर दिया।
- **व्यक्तिगत सत्याग्रह (1940):**
  - **शुरुआत:** कांग्रेस की माँगों को शांतिपूर्वक स्वीकार कराने के लिए गांधीजी द्वारा शुरू किया गया।
  - **सत्याग्रही:** पहले सत्याग्रही **आचार्य विनोबा भावे** (महाराष्ट्र के पवनार आश्रम से)। दूसरे **जवाहरलाल नेहरू** और तीसरे **ब्रह्मा दत्त** थे।
- **आजाद हिन्द फौज (INA, 1942):**
  - **स्थापना:** सबसे पहले **मोहन सिंह** ने 1942 में जापान में की।
  - **पुनर्जीवन: सुभाष चंद्र बोस** ने 21 अक्टूबर, 1943 को इसका पुनर्गठन किया और **कमांडर इन चीफ** बने व महिलाओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई रेजीमेंट का गठन किया।
  - **नारा:** सेनापति नियुक्त होने के बाद बोस ने **'दिल्ली चलो'** का नारा दिया।
  - **सरकार:** बोस ने सिंगापूर में 1943 में **स्वतंत्र भारत की अंतरिम सरकार** का गठन किया था।
  - **सुभाष चन्द्र बोस** ने **1944** में सिंगापुर रेडियो पर सम्बोधन के दौरान महात्मा गांधी को **'राष्ट्रपिता'** कहा था।
  - महात्मा गांधी ने **सुभाष चन्द्र बोस** को **'देशभक्तों का देशभक्त'** कहा था।
  - **सुभाष चन्द्र बोस के राजनैतिक गुरु: सी.आर. दास** थे।
  - टाइगर लीजन या फ्री 'इंडिया लीजन' के संस्थापक सुभाषचन्द्र बोस थे।
- **क्रिप्स मिशन (1942):**
  - **उद्देश्य:** युद्ध के बाद भारत को **डोमिनियन स्टेटस** देना और संविधान–निर्माता निकाय स्थापित करना।
  - **प्रतिक्रिया:** गांधीजी ने इसे **'उत्तर दिनांकित चेक'** कहा, जबकि जवाहरलाल नेहरू ने इसे **'एक असफल बैंक पर आहरित उत्तर दिनांकित चेक'** कहा।
- **भारत छोड़ो आंदोलन (1942):**
  - **शुरुआत: 8 अगस्त, 1942** को बंबई के **गोवालिया टैंक मैदान** (अगस्त क्रांति मैदान) में गांधीजी द्वारा।
  - **नारा:** गांधीजी ने **'करो या मरो'** का नारा दिया।
  - **प्रमुख घटनाएँ:**
    - **अरुणा आसफ अली** ने मैदान पर भारतीय कांग्रेस का झंडा फहराया। उन्हें **'भारत छोड़ो आंदोलन की रानी'** कहा जाता है।
    - महिला क्रांतिकारी कमला देवी चट्टोपाध्याय ने ग्वालिया टैंक मैदान पर भारतीय ध्वज फहराया था।
    - **ऊषा मेहता** और अरुणा आसफ अली ने बम्बई से **भूमिगत रेडियो** का संचालन किया।
    - सरकार ने सभी प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। गांधीजी को **आगा खां पैलेस (पूना)** में कैद किया गया।
    - आंदोलन के दौरान अमेरिकी पत्रकार **लुई फिशर** से गांधीजी की मुलाकात हुई।
  - **समानांतर सरकारें:** बलिया (**चित्तू पांडे**), तमलुक **(सतीश चंद्र सामंत)** और सतारा (**वाई. बी. चव्हाण** और नाना पाटिल)।
  - भारत छोड़ो आन्दोलन के समय कोरापुट क्रांति उड़ीसा में हुई थी।
  - **तथ्य: हिन्दू महासभा** और **मुस्लिम लीग** दोनों आंदोलन के पक्ष में नहीं थे। **लखन नायक** ने ओडिशा में स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया था, जिन्हें 1943 में फाँसी दी गई।
  - कुशल कंवर भारत छोड़ो आंदोलन के अंतिम चरण के दौरान फाँसी पर चढ़ने वाले भारत के एकमात्र शहीद थे।
- **सी.आर. फॉर्मूला (1944):**
  - **प्रस्तुतकर्ता : सी. राजगोपालाचारी**।
  - **उद्देश्य:** कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच गतिरोध हल करना।
  - **मुख्य प्रस्ताव:** लीग द्वारा स्वतंत्रता की माँग का समर्थन, युद्ध के बाद मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में **जनमत संग्रह** द्वारा विभाजन का निर्णय।
  - **विफलता:** जिन्ना कांग्रेस द्वारा **दो राष्ट्र सिद्धांत** को स्वीकार करने पर अड़े रहे।

- **वेवेल योजना (1945):**
  - **प्रस्ताव:** गवर्नर–जनरल और कमांडर–इन–चीफ को छोड़कर, कार्यकारी परिषद् के सभी सदस्य भारतीय होंगे। हिंदुओं और मुसलमानों को **समान प्रतिनिधित्व** दिया जाएगा।
- **शिमला सम्मेलन (1945):**
  - **उद्देश्य:** वेवेल योजना पर चर्चा।
  - **विफलता:** कांग्रेस (किसी भी समुदाय से प्रतिनिधि चुनने की माँग) और मुस्लिम लीग (सभी मुस्लिम सदस्यों को चुनने का पूर्ण अधिकार) के बीच गहरे मतभेदों के कारण विफल।
- **आई. एन. ए. मुकदमा (1945–46):**
  - **मुकदमा:** पी. के. सहगल, शाहनवाज खान और गुरबख्श सिंह पर लाल किले में सैन्य मुकदमा।
  - **रक्षा समिति: भूलाभाई देसाई**, आसफ अली, **तेज बहादुर सप्रू**, आदि शामिल थे।
- **रॉयल इंडियन नेवी विद्रोह (1946):**
  - **घटना:** 18 फरवरी, 1946 को बम्बई बंदरगाह पर जहाज **'तलवार'** के रेटिंग्स (नाविकों) द्वारा **खराब भोजन और नस्लीय भेदभाव** के विरोध में विद्रोह।
- **कैबिनेट मिशन (1946):**
  - **सदस्य: लॉर्ड पेथिक–लॉरेंस**, **सर स्टैफोर्ड क्रिप्स** और **ए.वी. अलेक्जेंडर**।
  - **मुख्य प्रावधान:** भारत को **बिना किसी विभाजन के स्वतंत्रता** देना। केंद्र के पास रक्षा, विदेशी मामले, संचार और मुद्रा रहेगी; शेष शक्तियाँ प्रांतों में निहित होंगी। **संविधान सभा** और **अंतरिम सरकार** की स्थापना का प्रावधान।
- **प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस (1946):**
  - **घोषणा: मुहम्मद अली जिन्ना** ने मुस्लिम लीग की विभाजन की माँग पर दबाव बनाने के लिए **16 अगस्त, 1946** को घोषित किया।
  - **परिणाम:** देश भर में भयंकर **साम्प्रदायिक हिंसा** भड़की। इसे कलकत्ता हत्याकांड के नाम से भी जाना जाता है।
- **अंतरिम सरकार का गठन (1946):**
  - **गठन:** 2 सितंबर, 1946 को कैबिनेट मिशन योजना के तहत।
  - **प्रमुख सदस्य:**
    - **जवाहरलाल नेहरू:** कार्यकारी परिषद् के उपाध्यक्ष, विदेश मामले।
    - **वल्लभभाई पटेल:** गृह, सूचना और प्रसारण।
    - **लियाकत अली (मुस्लिम लीग):** वित्त।
- **माउंटबेटन योजना (3 जून, 1947):**
  - **स्वरूप:** भारतीय स्वतंत्रता का अंतिम प्रारूप, जिसे **3 जून योजना** भी कहते हैं।
  - **मुख्य प्रावधान:** भारत के लिए **विभाजन, स्वायत्तता** और **संप्रभुता**।
  - **सीमा निर्धारण: सर सिरिल रैडक्लिफ** की अध्यक्षता में एक सीमा आयोग की स्थापना।
- **भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम (1947) :**
  - **परिणाम:** ब्रिटिश भारत का **भारत और पाकिस्तान** नामक दो अधिराज्यों में विभाजन।
  - **तथ्य: लॉर्ड माउंटबेटन** स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर–जनरल और **एम. ए. जिन्ना** पाकिस्तान के गवर्नर–जनरल बने।
  - **नेहरू का कथन:** स्वतंत्रता मिलने पर जवाहर लाल नेहरू ने कहा था, 'इस समय मध्य रात्रि होते ही जब संसार सो रहा है भारत जीवन और स्वतंत्रता के लिए जाग उठा था।'
- **स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महत्वपूर्ण नारे**
  - **इंकलाब जिंदाबाद: भगत सिंह**
  - **दिल्ली चलो, जय हिन्द, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा: सुभाष चंद्र बोस**
  - **करो या मरो, भारत छोड़ो: महात्मा गांधी**
  - **पूर्ण स्वराज, आराम हराम है, भारत मर जाए तो कौन बचेगा?: जवाहर लाल नेहरू**
  - **हिंदी, हिन्दू, हिंदुस्तान: भारतेंदु हरिश्चंद्र**
  - **वेदों की ओर लौटो: दयानंद सरस्वती**
  - **जय जवान जय किसान: लाल बहादुर शास्त्री**
  - **मारो फिरंगियों को: मंगल पांडे**
  - **कर मत दो: सरदार वल्लभभाई पटेल**
  - **संपूर्ण क्रांति: जय प्रकाश नारायण**
  - **विजयी विश्व तिरंगा प्यारा: श्याम लाल गुप्ता पार्षद**
  - **वन्दे मातरम: बंकिम चंद्र चटर्जी**
  - **जन गण मन: रवीन्द्रनाथ टैगोर**
  - **स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा: बाल गंगाधर तिलक**
  - **सरफरोशी की तमन्ना, अब हमारे दिल में है: राम प्रसाद बिस्मिल**
  - **सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा: मोहम्मद इकबाल**
  - **साइमन वापस जाओ: लाला लाजपत राय**
  - **सत्यमेव जयते: पंडित मदन मोहन मालवीय**
  - **जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान: अटल बिहारी वाजपेयी**

भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण व विविध तथ्य

- **स्वतंत्रता संग्राम एवं व्यक्तित्व**
  - **हिन्दू–मुस्लिम एकता का अग्रदूत: गोपाल कृष्ण गोखले (डायमंड ऑफ इंडिया)** ने **मुहम्मद अली जिन्ना** को 'हिन्दू–मुस्लिम एकता का अग्रदूत' कहा था।(गोखले, जिन्ना के मार्गदर्शक एवं गुरु भी थे)।
  - **अजातशत्रु की उपाधि:** महात्मा गांधी ने **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** को **'अजातशत्रु'** की उपाधि दी थी।
  - **बूढ़ी महिला:** गांधीवादी विचारों के लिए **मांतगिनी हाजारा** को **'बूढ़ी महिला'** कहकर सम्बोधित किया जाता था।
- **आन्दोलन और विद्रोह**
  - **भू–दान आन्दोलन:** यह आन्दोलन **आचार्य विनोबा भावे** द्वारा शुरू किया गया था।

- **महाड सत्याग्रह (1927):** इसका आयोजन **डॉ. बी.आर. अम्बेडकर** ने किया था।
- **नमक सत्याग्रह (सविनय अवज्ञा):** इसका नेतृत्व तमिलनाडु में **सी. राजगोपालाचारी**, मालाबार में **के कलाप्पण** और पेशावर में **सीमांत गांधी (खान अब्दुल गफ्फार खान)** ने किया था।
- **सविनय अवज्ञा आन्दोलन** के दौरान **प्रभात फेरी, वानरसेना** और **मंजरी सेना** का गठन किया गया था।
- **कंन्ध विद्रोह:** ब्रिटिशों के खिलाफ इस विद्रोह का नेतृत्व **चक्र विशोई** ने किया था।
- **पल्ली आन्दोलन:** यह आन्दोलन **तमिलनाडु** राज्य से सम्बन्धित था।

- **क्रांतिकारी गतिविधियाँ**
  - **मुजफ्फरपुर बम कांड (1908):** क्रांतिकारी खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड की हत्या करने का असफल प्रयास किया था।
  - **कर्जन वायली हत्याकांड: मदन लाल ढींगडा** ने कर्जन वायली को लंदन में गोली मार दी।
  - **जनरल डायर की हत्या: 13 मार्च, 1940** को **ऊधम सिंह** द्वारा लंदन में की गई थी। (ऊधम सिंह राम मुहम्मद सिंह आजाद नाम रखकर लंदन पहुंचे थे)।
  - **अलीपुर बम षड्यंत्र (1908):** इसे **मणिकटोला षड्यंत्र** भी कहा जाता है, जिसमें **अरविन्द घोष, रासबिहारी बोस** और **वाघा जतिन** जैसे क्रांतिकारी शामिल थे।
  - इस केस में कन्हाई लाल दत्त भी एक आरोपी थे।
  - हम 'राष्ट्र को बचाने में मर भी जाएँगे' यह नारा वाघा जतिन ने दिया था। उन्होंने जर्मनी के सहयोग से अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह की कल्पना की थी।
  - **तांत्या टोपे की फांसी:** क्रांतिकारी **तांत्या टोपे** को **1859** में मध्य प्रदेश के **शिवपुरी** में फांसी दी गई थी।
- **संगठन और प्रकाशन**
  - **पहला बैंक:** भारत में स्थापित होने वाला पहला बैंक **बैंक ऑफ हिन्दुस्तान** था।
  - **नौजवान भारत सभा:** इसकी स्थापना **भगतसिंह** ने की थी।
  - **पेरिस इंडिया सोसाइटी:** 1905 में गठित एक राष्ट्रवादी संगठन था।
  - **निरंकारी आन्दोलन:** इसकी शुरुआत **बाबा दयाल दास** ने की थी।
  - **कांग्रेस समाजवादी पार्टी (1934):** इसका गठन **जयप्रकाश नारायण** और **अच्युत पटवर्धन** ने किया था।
  - **जूट मिल:** भारत में पहली **जूट मिल** 1854 में **रिशरा (पश्चिम बंगाल)** में स्थापित की गई थी।
  - **सूती कपड़ा मिल:** भारत में पहली **सूती कपड़ा मिल फोर्टग्लोस्टर (कलकत्ता)** में स्थापित की गई थी।
  - **जन–गण–मन:** भारत का राष्ट्रगान **27 दिसम्बर, 1911** को पहली बार **कलकत्ता अधिवेशन** में गाया गया था।
  - **विश्व भारती (1921):** इसकी स्थापना **रबीन्द्र नाथ टैगोर** ने की थी।
  - **पहला समाचार पत्र:** 1852 ई. में **करसनदास मुलजी** ने **विधवा पुनर्विवाह** की वकालत के लिए गुजराती में **सत्य प्रकाश** समाचार पत्र की शुरुआत की।
  - **'फिलॉसाफी ऑफ बम':** इस पुस्तक के लेखकों में **भगवती चरण बोहरा** और **यशपाल** शामिल थे।
  - **गोपाल हरि देशमुख** को **लोकहितवादी** के नाम से जाना जाता था।
  - **स्वदेश गीतम:** यह गीत **सुब्रमण्यम भारती** ने लिखा था।
- **प्रशासनिक और संवैधानिक**
  - **नेहरू रिपोर्ट (1928): लार्ड बिर्किनहेंड** की चुनौती पर बनी भारतीय संविधान मसौदा समिति की अध्यक्षता **मोतीलाल नेहरू** ने की थी।
  - **भारतीय दंड संहिता (1834):** इसका मसौदा **लार्ड मैकाले** द्वारा तैयार किया गया था।
  - **पहला ICS: सत्येन्द्र नाथ टैगोर** भारतीय सिविल सेना (ICS) में चुने जाने वाले पहले व्यक्ति थे।
  - **वायसराय की कार्यकारी परिषद में पहले भारतीय: सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा** थे।
  - **बाम्बे उच्च न्यायालय:** इसकी स्थापना **1862** में हुई थी।
  - **'दस्तक':** यह व्यापार के अधिकार के लिए बंगाल के नबावों द्वारा जारी किया जाने वाला एक **परमिट** था।
  - **रेजीडेंट:** गवर्नर जनरल के अधीन सहायक संधि के माध्यम से किसी राज्य में रखा जाने वाला प्रतिनिधि **रेजीडेंट** कहलाता था।
- **पोस्ट–इंडिपेंडेंस**
  - **हैदराबाद विलय (1948):** भारत सरकार ने **ऑपरेशन पोलो** सैन्य कार्यवाही से हैदराबाद का विलय किया था।
  - **पहला गणतंत्र दिवस अतिथि:** 26 जनवरी, 1950 को मुख्य अतिथि **इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो** थे।
  - **शिमला समझौता:** इस पर हस्ताक्षर **इंदिरा गांधी** और **जुल्फिकार अली भुट्टों** ने किए थे।
  - **ऑपरेशन ब्लू स्टार:** इसका सम्बन्ध स्वर्ण मंदिर छापेमारी से है।
- **विदेशी प्रभाव**
  - **कामागाटामारु:** यह एक **जहाज था** जिसे सिख व्यापारियों ने किराए पर लिया था और **कनाडा** के अधिकारियों ने इसे ठहरने की अनुमति नहीं दी थी। (गदर आन्दोलन शुरू होने का एक कारण)।
  - **गुट निरपेक्ष आन्दोलन:** इसका पहला अधिवेशन यूगोस्लाविया के शहर **बेलग्रेड** में आयोजित किया गया था।

ब्रिटिश भारत में गवर्नर/गवर्नर जनरल/वायसराय

- **रॉबर्ट क्लाइव (1757–60 ई. एवं 1765–67 ई.)**
  - उसने बंगाल में **द्वैध शासन** की शुरुआत की।
  - **मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय** के साथ **इलाहाबाद की संधि (1765)** की।
- **वारेन हेस्टिंग्स (1774–85 ई.)**
  - **रेगुलेटिंग एक्ट, 1773** द्वारा बंगाल का गवर्नर जनरल नियुक्त।
  - उसने **द्वैध शासन को समाप्त** किया (1772)।
  - उसने नई राजस्व व्यवस्था **इजारेदारी** प्रारंभ की।
  - 1774 ई. में कलकत्ता में **सर्वोच्च न्यायालय** की स्थापना की गई।
  - 1781 ई. में कलकत्ता में अरबी, फारसी भाषा के लिए **प्रथम मदरसा** की स्थापना की।

- विलियम जोन्स ने **1784 ई.** में **एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल** की स्थापना की।
- रोहिल्ला युद्ध (1774), प्रथम आंग्ल–मराठा युद्ध (1775–82) तथा द्वितीय आंग्ल–मैसूर युद्ध (1780–84) लड़े गये।
- **पिट्स इंडिया एक्ट, 1784** पारित किया गया।
- वॉरेन हेस्टिंग्स को नन्द कुमार की न्यायिक हत्या का आरोपी माना जाता है।

- **लॉर्ड कार्नवालिस (1786–93 ई.)**
  - उसने 1793 ई. में **कॉर्नवालिस कोड** तैयार किया (शक्तियों के विभाजन पर आधारित)।
  - उसे भारत में **सिविल सेवाओं के जनक** के रूप में जाना जाता है।
  - उसने **1793 ई.** में **स्थायी बंदोबस्त (जमींदारी प्रथा)** की शुरुआत की।
- **लॉर्ड वेलेजली (1798–1805 ई.)**
  - उसने **सहायक गठबंधन** की शुरुआत की।
  - चौथे आंग्ल–मैसूर युद्ध (1799) में **टीपू सुल्तान की मृत्यु** हो गई।
  - उसने **1800 ई.** में **फोर्ट विलियम कॉलेज** की स्थापना की।
  - वह खुद को **बंगाल का शेर** कहता था।
- **लॉर्ड मिंटो प्रथम (1807–13 ई.)**
  - **अमृतसर की संधि (1809)** पर रणजीत सिंह और चार्ल्स मेटकाफ के बीच हस्ताक्षर किए गए।
  - **चार्टर अधिनियम, 1813** पारित किया गया।
- **लॉर्ड हेस्टिंग्स (1813–23 ई.)**
  - आंग्ल–नेपाल युद्ध **(संगोली की संधि, 1816)** और तृतीय आंग्ल–मराठा युद्ध (1817–18) लड़ा गया।
  - उसने **पिंडारियों का दमन** किया।
  - **1820 ई.** में मद्रास में **रैयतवाड़ी प्रणाली** की शुरुआत की गई थी।
- **लॉर्ड विलियम बेंटिंक (1828–35 ई.)**
  - चार्टर अधिनियम, 1833 द्वारा **भारत के पहले गवर्नर जनरल** बने।
  - **राजाराम मोहन राय** की सहायता से **सती प्रथा को समाप्त** किया (1829)।
  - कर्नल स्लीमन की सहायता से **ठगी प्रथा को समाप्त किया** (1830)।
  - उसे भारत में **आधुनिक पश्चिमी शिक्षा के जनक** के रूप में जाना जाता है।
  - **मैकाले की अनुशंसा** पर भारत में **अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम** बनाया गया।
- **चार्ल्स मेटकाफ (1835–36 ई.)**
  - उसे **भारतीय प्रेस के मुक्तिदाता** के रूप में जाना जाता है।
- **लॉर्ड एलेनबरो (1842–44 ई.)**
  - **1843 ई.** में **दास प्रथा समाप्त** कर दी गई।
- **लॉर्ड डलहौजी (1848–56 ई.)**
  - उसने **व्यपगत के सिद्धांत (हड़प नीति)** की शुरुआत की (सबसे पहले **सतारा** को हड़पा)।
  - वुड्स डिस्पैच (1854) प्रस्तुत किया गया।
  - भारत में **पहली रेलवे लाइनें** (बम्बई से थाणे तक) शुरू की (1853)।
  - उसने **लोक निर्माण विभाग** की स्थापना की।
- **लॉर्ड कैनिंग (1856–1862 ई.)**
  - वह भारत के अंतिम गवर्नर जनरल और **क्राउन के अधीन भारत के पहले वायसराय** थे।
  - **विधवा पुनर्विवाह अधिनियम** पारित किया गया (1856)।
  - **1857 का विद्रोह** हुआ।
  - 1857 ई. में कलकत्ता, मद्रास तथा बम्बई में **विश्वविद्यालयों की स्थापना** हुई।
  - 1860 ई. में बंगाल में **नील विद्रोह** प्रारम्भ हुआ।
- **सर जॉन लॉरेंस (1864–69 ई.)**
  - **1865 ई.** में कलकत्ता, मद्रास तथा बम्बई में **उच्च न्यायालयों** की स्थापना की गई।
  - भारत और यूरोप के बीच पहली **समुद्री टेलीग्राफ सेवा** शुरू की गई (1865)।
- **लॉर्ड मेयो (1869–1872 ई.)**
  - ब्रिटिश शासन के दौरान पहली **जनगणना 1872 ई.** में आयोजित की गई थी।
  - पोर्ट ब्लेयर में एक अफगानी द्वारा **चाकू मारकर हत्या** कर दी गई (1872)।
- **लॉर्ड लिटन (1876–1880 ई.)**
  - उसने **1 जनवरी, 1877** को ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया को **कैसर–ए–हिंद** की उपाधि देने के लिए **दिल्ली दरबार** का आयोजन किया।
  - **वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट (1878)** पारित किया और भारतीय समाचार पत्रों पर प्रतिबंध लगाए।
  - **भारतीय शस्त्र अधिनियम (1878)** पारित किया (लाइसेंस अनिवार्य)।
- **लॉर्ड रिपन (1880–1884 ई.)**
  - उसने **वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट को निरस्त** कर दिया (1882)।
  - इसने **स्थानीय स्वशासन** की शुरुआत की और इसे भारत में **स्वशासन के जनक** के रूप में जाना जाता है।
  - **1881 ई.** में भारत में पहली **नियमित जनगणना** आयोजित की गई।
  - **इल्बर्ट विधेयक (1883)** पेश किया गया इसमें प्रावधान था कि भारतीय न्यायाधीश भी ब्रिटिश लोगों की सुनवाई कर सकते हैं। (यूरोपीय लोगों के विरोध के कारण वापस लिया गया)।
  - फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने रिपन को **'भारत का उद्धारकर्ता'** कहा था।
- **लॉर्ड डफरिन (1884–88 ई.)**
  - **28 दिसंबर, 1885** को **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस** की स्थापना हुई।
- **लॉर्ड लैंसडाउन (1888–1894 ई.)**
  - भारत और अफगानिस्तान के बीच **डूरंड रेखा** का सीमांकन किया गया।
- **लॉर्ड कर्जन (1899–1905 ई.)**
  - **1902 ई.** में **पुलिस आयोग** और **विश्वविद्यालय आयोग** की स्थापना की।

- **1904 ई.** में **भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम** पारित किया गया।
- **19 जुलाई, 1905** को **बंगाल के विभाजन की घोषणा** की।
- लार्ड कर्जन ने ऐतिहासिक इमारत संरक्षण अधिनियम पारित किया था।
- आधिकारिक प्रेस गोपनीयता अधिनियम 1904 द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता पर रोक।

- **लॉर्ड मिंटो द्वितीय (1905–1910 ई.)**
  - **1909 ई.** में **मार्ले–मिंटो सुधार अधिनियम** द्वारा **मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन** व्यवस्था प्रदान की गई।
- **लॉर्ड हार्डिंग द्वितीय (1910–1916 ई.)**
  - **12 दिसम्बर, 1911** को दिल्ली दरबार आयोजित हुआ और **दिल्ली भारत की राजधानी** बन गई।
- **लॉर्ड चेम्सफोर्ड (1916–1921 ई.)**
  - 1919 ई. में रॉलेट एक्ट पारित हुआ।
  - **जलियाँवाला बाग हत्याकांड** (13 अप्रैल, 1919) हुआ।
- **लॉर्ड रीडिंग (1921–1926 ई.)**
  - **1921 ई.** में **मोपला विद्रोह** हुआ।
  - **चौरी–चौरा घटना** (05 फरवरी, 1922) हुई, जिसके बाद गांधीजी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया।
- **लॉर्ड इरविन (1926–1931 ई.)**
  - **गांधी इरविन समझौता** (1931) पर हस्ताक्षर हुए।
- **लॉर्ड वेलिंगटन (1931–1936 ई.)**
  - **इंडियन मिलिट्री देहरादून** की स्थापना।
  - **साम्प्रदायिक पंचाट** (1932) की घोषणा।
- **लॉर्ड लिनलिथगो (1936–1944 ई.)**
  - **भारत छोड़ो आंदोलन** की शुरुआत।
- **लॉर्ड वेवेल (1944–1947 ई.)**
  - वर्ष **1946 में कैबिनेट मिशन** भारत आया था।
- **लॉर्ड माउंटबेटन (1947–1948 ई.)**
  - **3 जून, 1947** को **भारत विभाजन की माउंटबेटन घोषणा।**
  - **स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल** बने।
- **सी. राजगोपालाचारी (1948–1950)**
  - भारत के अंतिम और **स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल** बने।

महत्वपूर्ण अभ्यास प्रश्न

1. इनमें से किस लड़ाई में अंग्रेजों ने बंगाल के नवाब, सिराज-उद्-दौला को हराया था ?
(A) 1757 में प्लासी की लड़ाई
(B) 1760 में वांडिवाश की लड़ाई
(C) 1761 में पानीपत की तीसरी लड़ाई
(D) 1764 में बक्सर की लड़ाई

2. इनमें से कौन 'हड़प नीति' का कट्टर समर्थक था ?
(A) लॉर्ड हेस्टिंग्स (B) लॉर्ड मिंटो
(C) लॉर्ड डलहौजी (D) लॉर्ड वेलेज़ली

3. मेरठ छावनी में 1857 के सैनिक विद्रोह की शुरुआत कब हुई थी?
(A) 8 मई, 1857 (B) 11 मई, 1857
(C) 10 मई, 1857 (D) 9 मई, 1857

4. निम्नलिखित में से कौन एक भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में क्रांतिकारी नेता नहीं थे?
(A) चन्द्रशेखर आजाद
(B) सूर्यसेन
(C) भगत सिंह
(D) गोपाल कृष्ण गोखले

5. वर्ष 1904 में, किसने क्रांतिकारियों की गोपनीय समिति के रूप में 'अभिनव भारत' का आयोजन किया था ?
(A) वी.डी. सावरकर
(B) प्रफुल्ल चाकी
(C) सचिन सान्याल
(D) रास बिहारी बोस

6. स्वामी दयानंद सरस्वती ने किस शहर में पहली बार 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी?
(A) बॉम्बे (अब मुंबई)
(B) अहमदाबाद
(C) पुणे
(D) कलकत्ता (अब कोलकाता)

7. सन् 1915-16 में किसके नेतृत्व में दो होमरूल लीग शुरू हुईं?
(A) तिलक और अरबिन्द घोष
(B) तिलक और बिपिनचन्द्र पाल
(C) तिलक और लाला लाजपत राय
(D) एनी बेसेन्ट और लोकमान्य तिलक

8. निम्न का मिलान करें–

(a)	इंडियन नेशनल आर्मी	1.	लाला हरदयाल
(b)	गदर पार्टी	2.	सुभाषचन्द्र बोस
(c)	मित्र मेला	3.	वी.डी. सावरकर
(d)	होम रूल लीग	4.	एनी बेसेन्ट

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	4	2	1	3
(B)	3	4	1	2
(C)	2	1	3	4
(D)	1	2	3	4

9. इनमें से कौन–सा क्रांतिकारी संगठन काकोरी षड्यंत्र केस में शामिल था ?
(A) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन
(B) अभिनव भारत ग्रुप
(C) अनुशीलन समिति
(D) गदर पार्टी

10. असहयोग आंदोलन कब वापस ले लिया गया ?
(A) फरवरी, 1922 (B) मार्च, 1926
(C) मई, 1929 (D) सितंबर, 1925

11. रबीन्द्रनाथ टैगोर ने किस नरसंहार के विरोध में नाइटहुड की उपाधि लौटा दी ?
(A) जलियाँवाला बाग नरसंहार
(B) खिलाफत आंदोलन
(C) सैनिक विद्रोह
(D) असहयोग आंदोलन

12. स्वतन्त्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को ..... में फांसी की सजा दी गई थी।
(A) 1929 (B) 1931
(C) 1934 (D) 1939

❑❑